प्रेषक,

निदेशक
माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड
देहरादून।

सेवा में,

प्रभारी
एम0आई0एस0
कार्यालय महानिदेशक
विद्यालयी शिक्षा, उत्तराखण्ड।

पत्रांक / विविध /11156-57 / केन्द्रीय छात्रवृत्ति / 2024–25 दिनांक : 06 अगस्त, 2024

**विषय :** **केन्द्रीय छात्रवृत्ति के सम्बन्ध में सूचना School Education Uttarakhand वेबसाइट पर प्रचारित करने विषयक।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपको सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) के पत्रांक उ0वि0शि0प0 / छात्रवृत्ति अनुभाग / 193 / 2024–25 दिनांक 04 जुलाई 2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने कष्ट करें। जिसके द्वारा अवगत करायो है कि केन्द्रीय छात्रवृत्ति हेतु NSP Portal दिनांक 30.06.2024 को खुल गया था 1st Fresh Scholarship एवं Renewal हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि दिनांक 31 अक्टूबर 2024 व संस्थानों द्वारा सत्यापन की अंतिम तिथि 15 नवम्बर 2024 व राज्य नोडल ऑफिसर द्वारा सत्यापन की अंतिम तिथि 30 नवम्बर 2024 निर्धारित की गई हैं।

उक्तवत् केन्द्रीय छात्रवृत्ति NSP Portal के खुलने एवं प्रचार–प्रसार हेतु उक्त सूचना को परिषद् की वेबसाइट के साथ–साथ School Education Uttarakhand वेबसाइट **(https://schooleducation.uk.in/)** पर भी प्रचारित करना उचित होगा।

अतः छात्रहित में School Education Uttarakhand की वेबसाइट पर केन्द्रीय छात्रवृत्ति की विज्ञप्ति, Cut-off Details व Merit List Upload करने का कष्ट करें ताकि अधिक से अधिक छात्र यथासमय आवेदन कर पाए।
संलग्न– उक्तवत्।

भवदीय

06/08/24

(डा0 मुकुल कुमार सती)
अपर निदेशक
माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड

पृ0स0: विविध / 11156-57 / केन्द्रीय छात्रवृत्ति / 2024–25 दिनांक उक्तवत्।
प्रतिलिपि– 1. सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल)।

06/08/24

(डा0 मुकुल कुमार सती)
अपर निदेशक
माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड

प्रभारी MCS

निदेशालय : माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड
इण्डेक्स न. 692
दिनांक 04/07/24

प्रेषक,

सचिव,
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद
रामनगर (नैनीताल)।

सेवा में,

निदेशक,
माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड,
ननूरखेड़ा, देहरादून।

पत्रांक :– उ0वि0शि0प0 / छात्रवृत्ति अनुभाग / 193 / 2024–25 दिनांक : 04 जुलाई 2024

विषयः– केन्द्रीय छात्रवृत्ति के सम्बन्ध में सूचना **School Education Uttarakhand** की वेबसाइट पर प्रचारित करने विषयक् ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक् आपको अवगत कराना है की केन्द्रीय छात्रवृत्ति हेतु NSP Portal दिनांक 30.06.24 को खुल गया था व **Ist Fresh Scholarship** व **Renewal** हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि दिनांक 31 अक्टूबर 2024 व संस्थानों द्वारा सत्यापन की अंतिम तिथि 15 नवम्बर 2024 व राज्य नोडल ऑफिसर द्वारा सत्यापन की अंतिम तिथि 30 नवम्बर 2024 निर्धारित की गई हैं।

उक्तवत् केन्द्रीय छात्रवृत्ति के खुलने एंव प्रचार–प्रसार हेतु उक्त सूचना को परिषद् की वेबसाइट के साथ–साथ School Education Uttarakhand की वेबसाइट(https://schooleducation.uk.gov.in/) पर भी प्रचारित करना उचित होगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि छात्रहित में सम्बन्धित कार्मिक / अनुभाग को School Education Uttarakhand की वेबसाइट पर केन्द्रीय छात्रवृत्ति की विज्ञप्ति, Cut-off Details व Merit List Upload करने हेतु आदेशित करने का कष्ट करें ताकि अधिक से अधिक छात्र यथासमय आवेदन कर पाए।

संलग्न– उक्तवत् ।

भवदीय,
4/7/24
( बी०एम०एस० रावत )
अपर सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)

कार्यालय :– सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर, (नैनीताल)

पत्रांकः– उ.वि.शि.प. / छात्रवृत्ति / के.छा. / 195 / 2024–25 दिनांक 04 जुलाई 2024

## विज्ञप्ति

मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा प्रोत्साहन योजना (PM-USP-CSSS) के अन्तर्गत केन्द्रीय छात्रवृत्ति प्रदान करने हेतु सत्र 2024–25 के लिए **Fresh** छात्रवृत्ति हेतु इण्टरमीडिएट की परिषदीय परीक्षा 2024 में Top 20 Percentile में उत्तीर्ण विद्यार्थियों में से अर्ह विद्यार्थियों का चयन इण्टरमीडिएट विज्ञान, वाणिज्य एवं कला वर्ग के परीक्षार्थियों में से किया जाना है।(छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करने के लिये अर्ह छात्र–छात्राओं की सूची उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर की वेबसाइट **www.ubse.uk.gov.in** पर उपलब्ध है) इस हेतु वर्ष 2024 में इस परिषद् से इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण छात्रों (Top 20 Percentile) से 1st Fresh Scholarship हेतु दिनांक 31 अक्टूबर 2024 तक आवेदन पत्र ऑन–लाइन आमंत्रित किये जाते हैं। साथ ही 2023 इण्टरमीडिएट बैच के **1st Renewal,** 2022 इण्टरमीडिएट बैच के **2nd Renewal,** 2021 इण्टरमीडिएट बैच के **3rd Renewal** तथा 2020 इण्टरमीडिएट बैच के **4th Renewal** (जिन विद्यार्थियों को इस छात्रवृत्ति के अन्तर्गत क्रमशः सत्र 2023–24, 2022–23, 2021–22 एवं 2020–21 से नवीन छात्रवृत्ति प्रदान की गई थी) के लिए भी ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 31 अक्टूबर 2024 निर्धारित की गई है।

उक्त छात्रवृत्ति हेतु अर्ह विद्यार्थी अपना आवेदन मानव संसाधन विकास मंत्रालय की वेबसाइट **http://www.scholarships.gov.in** पर कर सकते हैं एवं इस हेतु विस्तृत जानकारी / निर्देश परिषद् की वेबसाइट **www.ubse.uk.gov.in** व **School Education Uttarakhand** की वेबसाइट https://schooleducation.uk.gov.in/ से भी प्राप्त कर सकते हैं।

4/7/2024
(वी०पी० सिमल्टी)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्,
रामनगर (नैनीताल)।

पृ.सं.: उ.वि.शि.प. / छात्रवृत्ति / के.छा. / 195 / 2024–25 दिनांक उक्तवत्।

प्रतिलिपि –: निम्नांकित की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. निदेशक, छात्रवृत्ति अनुभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
2. निदेशक, उच्च शिक्षा उत्तराखण्ड की सेवा में इस अनुरोध के साथ कि उक्त छात्रवृत्ति के सम्बन्ध में अपने अधीनस्थ समस्त विद्यालयों / संस्थानों एवं विश्वविद्यालयों को आवश्यक दिशा–निर्देश देने का कष्ट करेंगे।
3. निदेशक (मा.शि.) / सभापति, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, देहरादून।
4. सम्पादक, दैनिक जागरण, अमर उजाला, दैनिक हिन्दुस्तान एवं उत्तर उजाला को इस अनुरोध के साथ कि उक्त विज्ञप्ति को अपने समाचार–पत्र के ऐसे पृष्ठ में, जिसका प्रचार–प्रसार पूरे उत्तराखण्ड में हो में 10X8 से.मी.साईज में राजकीय दरों पर प्रकाशित करने का कष्ट करेंगे। विज्ञप्ति प्रकाशित होने के उपरान्त समाचार पत्र की एक छायाप्रति के साथ देयक दो प्रतियों में जिला सूचना अधिकारी से प्रमाणित करवाकर भुगतान हेतु इस कार्यालय को प्रेषित करेंगे।

5/7/2024
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्,
रामनगर (नैनीताल)।